'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2013-15
WPP Licence No.- U(C)-101/2013-15
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 15.03.2015
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: dr.uditraj@gmail.com

● वर्ष : 18 ● अंक 11 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● 16 से 30 अप्रैल, 2015

जब संसद मार्ग बना परिसंघ नगर

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 2015। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिल्ली के संसद मार्ग पर बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े पैमाने पर मनायी गयी। अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद, डॉ0 उदित राज के नेतृत्व में सैकड़ों संगठनों ने अपने बैनर, पोस्टर के साथ स्टाल लगाए और समारोह में दस हजार से भी अधिक संख्या में शामिल हुए। परिसंघ के दिल्ली के साथियों ने संसद मार्ग को परिसंघ नगर में तब्दील कर दिया। पूरे पार्लियामेंट स्ट्रीट पर अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के ही बैनर व होर्डिंग दिखाई दे रहे थे।

पार्लियामेंट स्ट्रीट पर बनाए गए परिसंघ नगर का एक दृश्य

कार्यकर्ता में उपस्थित मीडिया से बात करते हुए माननीय डॉ. उदित राज

समारोह को डॉ0 उदित राज जी के अलावा भारत सरकार में गृह राज्य मंत्री, श्री किरन रिजीजू, सांसद, श्रीमती मीनाक्षी लेखी एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, श्री सतीश उपाध्याय ने भी समारोह को सम्बोधित किया। श्री किरन रिजीजू ने कहा कि मोदी सरकार में वे अकेले बौद्ध मंत्री है और दलितों व गरीबों की पीड़ा को महसूस करते हैं और किसी भी दलित के साथ जातीय भेदभाव व उत्पीड़न कदापि बर्दाश्त नहीं करूंगें, यदि किसी प्रकार का ऐसा मामला मेरे संज्ञान में लाया जाता है तो तुरंत कार्यवाही होगी। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि सरकार से अपने हितों को सुरक्षित कराने की अपेक्षा करते हैं तो दलितों की आवाज उठाने वाले एकमात्र सांसद, डॉ0 उदित राज को समर्थन देकर मजबूत बनाएं। सांसद एवं दिल्ली नगर पालिका परिषद की चेयरमैन, श्रीमती मीनाक्षी लेखी से आयोजकों ने एन.डी.एम.सी. में कार्यरत् दलित कर्मचारियों की हितों की रक्षा का आवाहन करते हुए जब संबोधन के लिए बुलाया तो श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी ने कहा कि जैसे ही वे एन.डी.एम.सी. की चेयरमैन बनीं तुरंत ही ठेके और दिहाड़ी पर कार्य कर रहे 8500 लोगों को स्थायी कर दिया लेकिन मीडिया ने इसे कोई तवज्जो नहीं दिया, जिससे आप लोगों तक यह संदेश नहीं पहुंच पाया। उन्होंने दलितों व गरीबों के हितों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। श्री सतीश उपाध्याय ने उपस्थित लोगों को बाबा साहेब के जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि जरूरी नहीं है कि बाबा साहेब की जयंती सिर्फ अनुसूचित जाति/जन जाति के लोग ही मनाएं, हम सभी को मिलकर मनाना चाहिए, क्योंकि बाबा साहेब का योगदान पूरे देश के लिए है।

डॉ0 उदित राज जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज डॉ0 अम्बेडकर की 124वीं जयंती के उपलक्ष्य पर संसद मार्ग से घोषणा किया कि उनके विचारों और दर्शन को सही रूप में लागू करने के लिए एक नए आंदोलन की आवश्यकता है। इस अवसर पर परिसंघ की पूरे देश की सभी इकाइयों के द्वारा दस लाख सदस्यता के लक्ष्य की प्राप्ति की शुरुआत की गयी। आज इस समारोह में हजारों लोगों ने सदस्यता ली। दलित व आदिवासी नेताओं ने कहीं ज्यादा डॉ0 अम्बेडकर के सिद्धांतों को अपनी सुविधानुसार व्यक्तिगत् हित में इस्तेमाल किया है। उन्होंने पूरे जीवन जातिविहीन समाज की स्थापना की लड़ाई लड़ी, लेकिन आज हम देखते हैं कि जाति का सहारा लेकर नेता बनना, विधान सभाओं एवं संसद में पहुंचना, तक सीमित रह गया है। इससे न केवल दलित समाज का अहित हो रहा है, बल्कि राष्ट्र की भी क्षति है। हजारों वर्षों तक देश दूसरों के अधीन था, इसलिए कि यहां का समाज हजारों टुकड़ों में विभाजित था। जब दलित नेता जातिवाद करें तो ठीक है और सवर्ण करें तो बुरा, यह नहीं चलेगा।

डॉ0 उदित राज ने कहा कि समाज को बदलने का कार्य मूलरूप से कर्मचारी-अधिकारी ही कर सकते हैं, न कि सांसद और विधायक। सांसद और विधायकों की संख्या दस हजार पार नहीं कर सकेगी लेकिन कर्मचारियों व अधिकारियों की संख्या 20 लाख से भी अधिक होगी। चाहे दलित उत्थान हो या राष्ट्र निर्माण हो, अगर सबसे ज्यादा जरूरत है तो सामाजिक शिक्षा की। ये कर्मचारी-अधिकारी ही समाज को बदल सकेगें। ऐसा परिसंघ का मानना है। परिसंघ की देश की कोने-कोने में शाखाएं हैं, अब इसके कार्यकर्त्ताओं को नकली समतामूलक और मानवतावादी कार्यकर्त्ताओं और नेताओं की असलियत बताने का समय आ गया है। परिसंघ ने कभी सवर्णों की आलोचना करके दलितों को एकजुट करने का कार्य नहीं किया, बल्कि डॉ0 अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलकर संघर्ष किया। परिसंघ वर्तमान में भूमिअधिग्रहण अध्यादेश का समर्थन करता है, क्योंकि जब तक आद्यौगीकरण नहीं होगा तब तक रोजगार सृजित नहीं हो पाएंगें। दलितों के पास जमीन भी कम है और इसीलिए बड़े शहरों की ओर पलायन करते हैं। इंडस्ट्रियल कोरीडोर बन जाने से करोड़ों रोजगार पैदा होगें, बड़े शहरों पर आबादी का भार भी कम होगा, कृषि पर आधारित जनसंख्या भी कम होगी।

परिसंघ अपनी पूर्व मांगें, जैसे - पदोन्नति में आरक्षण, आरक्षण कानून बनाना, खाली पदों पर भर्ती, अनुसूचित जाति/जन जाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम को मजबूत करना, शिड्यूल्ड कास्ट सब प्लान एवं ट्राइबल सब प्लान को आबादी के अनुपात में योजनागत् बजट की राशि आबंटित कर दलितों-आदिवासियों के उत्थान, ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति, निजी क्षेत्र में भागीदारी, जाति प्रमाण-पत्रों की समस्या आदि के लिए और मजबूती से डॉ0 अम्बेडकर की 124वीं जन्मसदी पर संकल्प दोहराया।

+++



अंतर्राष्ट्रीय बुध्द पूर्णिमा दिवस समारोह 4 मई को

आपको जानकर हर्ष होगा कि प्रथम बार भारत सरकार के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध पूर्णिमा दिवस आगामी 4 मई को प्रातः 10 बजे से तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी होगें। भारत सरकार के द्वारा इस पवित्र कार्यक्रम का आयोजन होने का मतलब भगवान बुद्ध की पूर्णिमा के महत्त्व को आगे बढ़ाना। कार्यक्रम को मुख्यरूप से डॉ. उदित राज एवं किरन रिजीजू, गृह राज्यमंत्री, भारत सरकार संबोधित करेगें। आपसे अनुरोध हैं कि सभी साथियों के साथ उपस्थित हों।

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का
अखिल भारतीय परिसंघ

उपरोक्त कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी हेतु
श्री परमेन्द्र - 8826180767 एवं श्री संजय राज - 9654142705
से सम्पर्क किया जा सकता है।

बौद्ध धर्म से संम्पूर्ण विश्व का भला

बुद्ध जयंती अर्थात बुद्ध पूर्णिमा या वेसाक या हनमतसूरी बौद्ध धर्मावलम्बियों के साथ साथ सम्पूर्ण भारत वर्ष के लिए एक महत्वपूर्ण, आस्था जन्य और उल्लासपूर्वक मनाया जाने वाला पर्व है। भगवान् बुद्ध के अवतरण का यह पर्व वैशाख पूर्णिमा के दिन पड़ता है। विश्व के अनेक भागों में फैले हुए बौद्ध मतावलंबी इस पर्व को वेसाक के नाम से भी जानते हैं। वेसाक शब्द भारतीय माह के नाम वैशाख का ही अपभ्रंश है। भगवान् बुद्ध के संकिसा में 563 ईसा पूर्व में आज के दिन अवतरण होने के साथ-साथ इसी दिन को भगवान् बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति का दिन भी माना जाता है। आश्चर्य जनक संयोग है कि 483 ईसा पूर्व की वैशाख पूर्णिमा के दिन को भगवान् बुद्ध को देवरिया जिले के कुशीनगर में महा परिनिर्वाण प्राप्त हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा का यह पावन पर्व भारत, चीन, तिब्बत, जापान, कोरिया, नेपाल, सिंगापुर, विएतनाम, थाईलैंड, लाओस, कम्बोडिया, मलेशिया, श्रीलंका, म्यांमार, ताइवान, हांगकांग, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, रूस, तुर्किस्तान, मंगोलिया बांग्लादेश आदि अनेकों देशों में मनाया जाता है। विश्व की इतनी बड़ी संख्या के देशों में भारत जन्य धर्म को श्रद्धा पूर्वक मानाया जाना भारत की प्राचीन विश्वगुरु की अवधारणा को सुस्पष्ट और संपुष्ट करता है। इन देशों का राजनैतिक नेतृत्व परिस्थिति और सामरिकता वश चाहे जो भी बोले किन्तु यहाँ के आस्थावान बौद्ध बंधु भारत भूमि के प्रति अपने बौद्ध जन्य आदर को कभी भी विस्मृत नहीं कर सकते हैं। यही वह तथ्य है जो भारत को विश्वगुरु के स्थान पर विराजित करने के नए अवसर प्रदान कर रहा है। इन देशों में बौद्ध धर्म पहली शताब्दी में ही प्रवेश कर गया था। इन देशों में हजारों की संख्या में सांस्कृतिक और धार्मिक स्मारक, पूजा स्थान, ग्रन्थ, संस्थान, शिलालेख, खगोलीय अनुसंधान केंद्र, ज्योतिषीय संस्थान, व्याकरण सिद्धांत, गणितीय सिद्धांत, विशाल प्रस्तर निर्माण आदि ऐसे अमिट और अक्षुण्ण श्रद्धा केंद्र हैं जो यहाँ भारत का नाम बरबस ही नहीं अपितु श्रद्धापूर्वक लेते रहनें का अवसर प्रदान करते रहते हैं। हजारों वर्षों से इन देशों में ये बौद्ध आधारित विचार संस्थान प्रज्ञा, संज्ञा और विज्ञा के प्रवाह को सतत बनाए हुए हैं, जिसके सकारात्मक उपयोग का समय अब आ गया है। अवसर है कि इन देशों के बुद्धत्व प्रवाह का उपयोग भारत को विश्वगुरु बनानें की दिशा में पुनः प्रारम्भ हो। हम विश्व के दूसरे सबसे बड़े विश्व के प्रथम पांच विशाल धर्मों में से दो धर्म भारत भूमि से उत्पन्न हैं, एक हिंदुत्व और एक बुद्धत्व। भारतीय मूल से अभिन्न रूप से जुड़े इन दो धर्मों के अनुयाइयों की संख्या की दृष्टि से देखें तो गौरव भान होता है। कि हम बौद्ध और हिन्दू मिलकर विश्व के सबसे बड़े धर्म के रूप में स्वीकार्य और मान्य हैं। सम्पूर्ण विश्व में संस्कृति स्त्रोत और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के रूप में हमें जो वैश्विक मान्यता और आस्था प्राप्त है उसमें एक बड़ा कारण बौद्ध धर्म से जुड़ा हुआ ही रहा है, भारत की विश्वगुरु की पृष्ठभूमि और इतिहास की वैश्विक मान्यता बौद्ध की संयुक्त सांस्कृतिक पीठ का ही परिणाम है। भारत के विभिन्न जगत प्रसिद्द शैक्षणिक संस्थानों के विषय में भी यही तथ्य शत प्रतिशत पुनरावृत्त होतें हैं। आज भारत वैश्विक राजनीति में अपनी भूमिका को नए सिरे से तराश रहा है। आज भारत अपने अतीत के अनुरूप विश्व का नेता नहीं बल्कि विश्वगुरु या जगतगुरु बनना चाह रहा है। इन परिस्थितियों में भारत भूमि या हिन्दू जनित बौद्ध धर्म के विश्व भर में फैले अनुयायी, ग्रन्थ, संस्थान और विचार संपदा भारत को गुरुतर स्थान पर विराजित करते दृष्टिगत होते हैं।

बौद्ध धर्म आधारित चार आर्य सत्य एवं आर्य अष्टांग मार्ग समूचे आर्यावर्त ही नहीं अपितु कई यूरोपीय देशों में अपने विचार प्रभाव का विस्तार करता दृष्टिगत हो रहा है। यदि हम इन मूल बौद्ध सिद्धांतों पर विचार करें तो हमें स्वाभाविक ही प्रतीत होता है कि वैश्विक स्तर पर हम किस प्रकार सहज स्वीकार्य ही नहीं वरन श्रद्धेय व पीठाधीश की भूमिका में हैं। आज सम्पूर्ण विश्व में अनेकों राष्ट्र जिन चार बौद्ध जनित आर्य सत्य के मार्ग पर चल रहें हैं वे हैं – दुःख, दुःख कारण, दुःख निरोध तथा दुःख निरोध का मार्ग। इस आर्य सत्य सिद्धांत की वैज्ञानिकता ने विश्व भर में भारतीयता को श्रद्धा से देखने की दृष्टि विकसित कर दी है किन्तु यह दुखद ही रहा कि इस विश्व भर में विस्तारित इस श्रद्धा भाव को हम पिछले कुछ सौ वर्षों के कालखंड में नेतृत्व का भाव नहीं दे पाए हैं। बुद्ध धर्म में आर्य अष्टांग मार्ग में प्रस्तुत किये हैं जो सूत्र दिए हैं उनकी आज विज्ञान आधारित मान्यता निर्विवाद हो गई है। ये अष्टांग मार्ग हैं। सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाक्य, सम्यक कर्म, सम्यक जीविका, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति, सम्यक समाधि। जीवन के प्रारंम्भ से लेकर समाधि तक के प्रत्येक अंश को अपने में समाहित कर लेनें वाले यह आर्य अष्टांग मार्ग अपने आप में एक ऐसी जीवन शैली को समेटे हुए हैं जो आगामी कई हजार वर्षों की अति विकसित होने वाली जीवन शैली में और अधिक से अधिक प्रभावी, प्रासंगिक और प्रदीप्त होते जायेंगे. प्रज्ञा, शील और समाधि आधारित विचार हमें अरिहंत भाव भी देते हैं और समूचे विश्व को ही नहीं अपितु ब्रह्माण्ड का सकारात्मक कालजयी सिद्धांतों, मान्यताओं, विचारों और सकारात्मक उपयोग कर लेने का विचार और क्षमता दोनों भी प्रदान करते हैं। कालातीत या हर समय में संवेदनशील, सटीक और समर्थ जीवन शैली को जन्म देने वाले हमारे हिन्दू-बौद्ध सिद्धांत और संस्कार हमें विश्व नेतृत्व की अद्भुत क्षमता प्रदान करते हैं।

आज की भारतीय विदेश नीति में दो शब्द निर्भीकता और बहुलता से कहे जा रहें है, एक लिंक वेस्ट एंड लुक ईस्ट अर्थात पश्चिम से जुड़ो और पूर्व की ओर देखो अर्थात पश्चिम के तकनीकी सकारात्मक पक्ष को अपनाते चलो और उसमें सांस्कृतिक, शैक्षणिक, विश्व शांति और पर्यावरण आधारित सकारात्मकता प्रवाहित करते चलो। ईस्ट अर्थात पूर्व की ओर देखते रहने और संवाद बढानें की इस नीति के अंतर्गत आने वाले अधिकाँश देशों में बौद्ध धर्म का प्रभाव और भगवान बुद्ध के भारत से जुड़े होने के कारण भारत के प्रति आदर और श्रद्धा भाव इस नीति को परिणामों की ओर तेजी से अग्रसर कर सकता है। दक्षिण प्रशांत महासागरीय 13 देशों का समूह राष्ट्र संघ में एक मुश्त बड़े वोट बैंक के रूप में काम आ सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में सुरक्षा परिषद् में स्थायी सीट के लिए दशकों से प्रयासरत् भारत के लिए इन 13 देशों से सांस्कृतिक रूप से जुड़े होने को राजनैतिक कूटनीतिक बायस से देखने और तराशने की आवश्यकता है। जो कि भारत के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारम्भ हो गई है।

भारतीय वैदेशिक गलियारों में जो दूसरा सकारात्मक शब्द इन दिनों बहुलता से चल रहा है वह है "बौद्ध सर्किट", हिन्दू बौद्ध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए देशों को बौद्ध सर्किट से जोड़ना और नए सांस्कृतिक, शैक्षणिक आयामों पर काम करते हुए एक नए नहीं अपितु प्राचीनतम आयाम के नए स्वरूपों पर काम करना अभूतपूर्व अवसरों को जन्म दे रहा है। वस्तुतः हाल के चार-पांच सौ वर्षों की वैश्विक राजनीति सैन्य, आर्थिक, तकनीक और अन्य प्रकार के दृष्टिकोणों से बेहतर प्रभावित रही है। इस प्रकार की राजनीति में परस्पर प्रेम, अहिंसा, गुरुतर भाव, सांस्कृतिक विकास, शैक्षणिक आदान प्रदान आदि शब्दों का प्रचलन कम से कमतर ही नहीं अपितु समाप्त प्राय ही हो गया है। यही वह कोण है जहां से भारत को हिन्दू-बौद्ध पृष्ठभूमि उसे सम्पूर्ण विश्व में चौतरफा सन्देश वाही हो जाने के अवसर प्राप्त हो रहें हैं, बौद्ध सर्किट के राजनैतिक सिद्धांत पर अधिकतम काम से भारत को वैश्विक नेतृत्व की पीठ का स्वाभाविक और नेसर्गिक अधिकारी समझनें के अवसर उत्पन्न किये जा सकतें हैं। भारत-चीन के मध्य आ गए सैन्य और संप्रभुता आधारित तनाव को भी (अति सतर्कता और सचेत रहकर) यदि बुद्धत्व के आधार पर सुलझानें के नए कोणों से प्रयास हो तो यह समूचे विश्व के लिए नूतन और प्रेरणास्पद हो सकता है।

– प्रवीण गुगनानी

+++

अम्बेडकर की वजह से ही मोदी यहां

बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर और दलित राजनीति को लेकर छिड़ी होड के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी विरासत पर दाव ठोक दिया है। अरसे से अटके अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र को 20 महीने के अंदर पूरा करने का भरोसा दिया।

दलित नहीं मानवता का नेता बताया :

मोदी ने कहा कि अगर अम्बेडकर नहीं होते तो आज नरेंद्र मोदी कहां होते मैं आज यहां नहीं होता। उन्होंने आगे जोड़ा कि अम्बेडकर जिन मूल्यों के लिए लड़े और जिए आज भी सरकारों के लिए दलित नेता कहा जाता है, सचाई यह है कि वह मनवता के नेता थे। उन्होंने भारत के संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर को अस्पृश्यता का शिकार बताया।

नीले रंग के साथ सरकार :-

यह एक संयोग ही था कि सोमवार को मोदी केंद्रीय दिल्ली में अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र का शिलान्यास करने आए मंच पर नीले रंग की पृष्ठभूमि के सामने मोदी भी नीली जैकेट पहने हुए थे। अम्बडेकर पर अपना एकाधिकार जताती रही बसपा का रंग भी नीला ही है। लगभग 20 मिनट के भाषण में मोदी ने यह भी सुनिश्चित किया की अम्बेडकर को उनकी सरकार की सोच के साथ खड़ा कर दिया जाए । सूत्रों के मुताबिक इस केंद्र पर लगभग 200 करोड़ रूपये खर्च होंगे । हालकि मोदी इसे राजनीति से परे रखते हैं, लेकिन पूरी कवायद को राजनीति से जोड़कर भी देखा जा रहा है। गौरतलब है कि अम्बेडकर जयंती के अवसर पर न सिर्फ भाजपा ने कार्यक्रम किए थे बल्कि संघ की ओर से भी भव्य आयोजन किया गया था। अम्बेडकर के जीवन पर केंद्रित कर मुखपत्र पॉचजन्य और आर्गेनाइजर की तीन लाख प्रति छापी गई थी ।

बीस माह में पूरा करने का भरोसा :

सोमवार को मोदी ने परोक्ष रूप से यह जता दिया की भाजपा, उनकी सरकार और व्यक्तिगत रूप से यह खुद अम्बेडकर की राजनीति पर आगे बढ़ने वालों में है । अम्बेडकर के प्रति उनकी निष्ठा ही है कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय केंद्र को प्राथमिकता में लिया है। यह विश्व चेतना का केंद्र बनेगा ।

सामाजिक और राजनीतिक अस्पृश्यता के भी वे खिलाफ : -

अम्बेडकर के दर्शन को दलितों तक जोड़कर रखे जाने से एतराज जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा अम्बेडकर हर तरह की अस्पृश्यता के खिलाफ थे, वह सामाजिक हो या राजनीतिक उन्होंने जिस सोच के साथ काम किया वह अभी भी प्रासंगिक है। सरकार के कामकाज के साथ जोड़ते हुए उन्होने कहा कि अम्बेडकर शिक्षा, चुनाव सुधार, श्रम सुधार आदि की बात करते थे। मोदी सरकार भी इस प्रयास में जुटी हैं, कि शिक्षा अंतिम स्तर तक पहुंचे। अम्बेडकर के लिए यही सच्ची श्रध्दांजलि होगी । उन्होंने अपील की कि अम्बेडकर को उनके मूल्यों के साथ अपनाएं और समाज को जोड़े ।

जाहिर है कि परोक्ष रूप से उन्होंने दलित राजनीति कर रहे दलों पर निशाना साधा और साथ ही साथ यह भी संदेश दिया कि अम्बेडकर की विरासत पर भाजपा का भी हक है । ध्यान रहे कि अगले छह महीनों में बिहार विधानसभा चुनाव हैं और वहां मोदी की पिछड़ी जाति को भाजपा भुनाती रही है।

– दैनिक जागरण से साभार

+++

मौसम विभाग, नई दिल्ली में मनाई गयी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

24 अप्रैल 2015 को अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा भारत मौसम विज्ञान विभाग, मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि माननीय डॉ. उदित राज (सांसद) एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय अनु. जाति/जनजाति परिसंघ, विशिष्ट अतिथि के तौर पर माननीय श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, चेयरमैन, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वैलफेयर पार्लियामेंट कमिटी, माननीय डॉ. हर्षवर्धन, केन्द्रीय मंत्री – विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, माननीय श्री वाई.एस. चौधरी, राज्य मंत्री – पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, माननीय सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी, डॉ. शैलेष नायक, सचिव – पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, डॉ. एल.एस. राठौर, महानिदेशक, श्री ए. के.शर्मा– उपमहानिदेशक, श्री ब्रह्म प्रकाश, महासचिव, श्री चरण सिंह, वैज्ञानिक 'ई' व संस्था के संरक्षक, श्री शंकर प्रसाद, संस्था के अध्यक्ष मंच पर उपस्थित थे ।

भारत मौसम विज्ञान विभाग, मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती के शुभअवसर पर डॉ. उदित राज जी संबोधित करते हुए

भारत मौसम विज्ञान विभाग, मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के शुभअवसर पर श्री ब्रम्हप्रकाश जी सम्बोधित करते हुए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग, मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती समारोह में मुख्य अतिथि श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और डॉ. उदित राज श्री ब्रम्हप्रकाश को सम्मानित करते हुए।

कार्यक्रम के शुभारंभ में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व भगवान गौतम बुद्ध के चरणों में उपरोक्त सभी अतिथियों द्वारा पुष्पांजली अर्पित की गई तथा दीप प्रज्वलित किया गया । संस्था के महासचिव श्री ब्रह्म प्रकाश ने संचालन करते हुए कहा कि आज डॉ0 अम्बेडकर जी की महानता को असली रूप में देश ने जाना है कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी 14 अप्रैल को कनाडा में अपने भाषण की शुरुआत 'जय भीम' के नारे के साथ की और इसके साथ ही महासचिव ने आज की दलित कर्मचारियों के ठेकेदारी प्रथा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर सफाई कर्मचारी से लेकर अन्य वर्ग 'घ' कर्मचारियों में अपने पूर्वजों की स्थाई नौकरी नहीं होती तो शायद आज हम यहाँ पर अधिकारी व अन्य सेवाओं में नहीं होते क्योंकि स्थाई नौकरी में पूरा वेतन मिलता था जिस वेतन से हमारे माता पिता ने उच्च शिक्षा तक हमें पहुँचाया और डॉ0 भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिये हुए संविधान में आरक्षण का लाभ लेते हुए यहाँ तक पहुँचे हैं, लेकिन आज की ठेकेदारी प्रथा में सबसे ज्यादा दलित वर्ग ही प्रभावित हुआ है, क्योंकि उनको पाँच–छः हजार रूपये में इस मंहगाई के जमाने में घर चलाना भारी पड़ रहा है और सरकारी विद्यालयों की व्यवस्था इतनी लचर हो गई है। कि बिना पढ़े ही बच्चों को पास कर देते हैं। और जब आगे कम्पटीशन होता है, तो वह बच्चा उस कम्पटीशन को पास तक नहीं कर पाता है। यह एक दलित व गरीब समाज के प्रति बहुत ही सोची समझी रणनीति के तहत लाचार और बेकार बनाने की पुरानी जमीदारी परंपराओं पर लाकर खड़ा कर दिया है। क्योंकि आज देश में जो राजनितिक सूझ बूझ, नौकरियों में हिस्सेदारी और दलितों का कम्पटीशन बढ़ा है। उसको रोकने के लिए यही योजना बनाई गई थी। इसलिए आज ठेकेदारी प्रथा दलित समाज को पंगु बना रही है। इस ठेकेदारी प्रथा को उपरोक्त सभी अतिथियों के सामने यही प्रस्ताव रखा कि ठेकेदारी प्रथा समाप्त हो तभी बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर को सच्ची पुष्पांजली अर्पित होगी ।

साथ में विभागीय प्रमोशन में जो डी.ओ.पी.टी. के नियम हैं उन्हें नियमित रूप से लागू करने तथा वैज्ञानिक सहायक से सहायक मौसम विज्ञानी का जो संघर्ष है। की पूरी सर्विस अन्तराल में इस केडर को मौसम विभाग में न्यायपूर्ण प्रमोशन नहीं मिलता । जबकि मौसम विभाग में यह कैडर मौसम विभाग की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है ।

डॉ0 उदित राज जी ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने जो संविधान दिया है, उससे लोगों की जिंदगियाँ बदली हैं और लोगों के जीवन का स्तर बढ़ा है। बाबा साहेब बौद्धिक रूप से ईमानदार थे । उन्होंने शोषण करने वालों और शोषित होने वालों को भी नहीं बक्शा और कहा कि जितना शोषण करने वाला गुनहगार है उतना ही शोषण सहने वाला भी गुनहगार हैं । लेकिन आज के दौर में मानसिक दादागिरी बड़े पदों पर बैठे हुए लोगों में बढ़ी हैं और वे अपने कर्तव्य का भी पूर्ण रूप से पालन नहीं करते हैं और अगर उन्हें याद भी दिलाया जाए कि उन्होंने यह गलती की है तब भी उस गलती को मानने के लिए तैयार नहीं होते क्योंकि उनकी मानसिकता देने की नहीं है । कर्तव्य निभाने की नहीं है, यह सबसे बड़ी बेईमानी हैं और इसके पीछे अगर कोई जिम्मेदार है तो अपने लोग ही जिम्मेदार हैं क्योंकि अधिकतर लोगों ने कई संस्थाएँ खोल रखीं हैं। वे लोग अपने आगे किसी को नहीं समझते । कहते हैं कि हम तो बहुत दिन से आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन जब उनके ऊपर कोई मुसीबत आती है तो फिर इधर उधर भागते हैं और मेरे पास भी आते हैं । जब हम उनसे पूछते हैं कि आप तो इतने दिनों से लीडरशिप कर रहे थे, जब आप अपने आप को नहीं बचा पाए तो क्या अपने साथियों को कैसे बचाओगे। तो फिर ऐसी संस्था का फायदा क्या। इसलिए बाबा साहेब के उस शब्द को याद रखना चाहिए कि संगठित रहकर संघर्ष करने पर ही आंदोलन की जीत होती है । इसलिए अगर आप बाबा साहेब को मानते हैं तो परिसंघ में सभी संस्थाएँ एक होकर अपनी मांगों की लड़ाई लड़ें तभी आपकी जीत होगी।

सत्ता में आने से पहले और देश आज़ाद होने से पहले विशेषकर एक ही जाति का देश के लिए लड़ने का हक था लेकिन जब दलित भी देश की आज़ादी के लिए लड़े तब देश में बहुत जबरदस्त क्रांति आई और देश आज़ाद हुआ। आज देश में बाबा साहेब के संविधान के कारण देश के हर नागरिक का देश के ऊपर अधिकार है और आज देश की एकता व अखंडता में दलितों की व सभी जातियों की बराबर की भागेदारी है। इसलिए आज देश को कोई छू भी नहीं सकता । और देश आज मजबूत है। आज देश के दलितों को भी बाबा साहेब के संदेश को अपनाते हुए एक होकर परिसंघ के माध्यम से अपनी बात मनवाने के लिए एक हों ।

भारत मौसम विज्ञान विभाग, मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री, डॉ0 हर्षवर्धन

माननीय वाई.एस. चौधरी जी ने कहा कि देश भिन्न भिन्न जातियों में बंटा हुआ था और अस्पृश्यता का जबरदस्त दौर था । उसी दौरान डॉ. अम्बेडकर जी ने ऐसे संविधान की रचना की कि जिसमें दलित ही नहीं देश की सभी जातियों को न्याय व सम्मान मिला । बाबा साहेब के संविधान को दलितों को ही नहीं देश के सभी लोगों को मानना चाहिए, क्योंकि बाबा साहेब दुनिया के लिए भारत के द्वारा मानवता के नाम पर संदेश देने वाले पहले व्यक्ति थे ।

माननीय सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब के योगदान को कोई भुला नहीं सकता । और बाबा साहेब ने भगवान गौतम बुद्ध का जो धर्म अपनाया । उससे समाज की बुराईयाँ खतम करने के लिए ही भगवान गौतम बुद्ध का संदेश दिया और स्वयं के लिए भी उन्होंने कहा कि अगर मेरा बस चलता तो मैं भी बौद्ध धर्म में पैदा होती और इसका मुझे स्वभिमान होता । इसी बात पर उन्होंने डॉ0 उदित राज जी को दलितों की व सभी जातियों की मानवीय आधार बात उठाने वाले साधु की उपाधि दी और कहा कि डॉ. उदित राज जी की कोई जाति नहीं हैं, वह एक साधु की तरह हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं।

माननीय केन्द्रीय मंत्री डॉ0 हर्षवर्धन जी ने कहा कि भारत में असंख्य महापुरुषों में से बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी को दुनिया में सबसे उँचा स्थान दिया और कहा कि बाबा साहेब के द्वारा भारत के माध्यम से दुनिया को मानवता का संदेश देने वाले महापुरुष डॉ0 अम्बेडकर ही थे । डॉ0 हर्षवर्धन ने राम, कृष्ण, ब्रह्मा, विष्णु की बराबर डॉ0 भीम राव अम्बेडकर को माना । आज 14 अप्रैल व 6 दिसंबर को ही हम लोग मानते हैं लेकिन डॉ0 अम्बेडकर जी के विचारों को हर रोज अपने जीवन में उतारना चाहिए और साथ की कहा कि अपने बच्चों को एक दिन बाबा साहेब के बारे में जरूर बताना चाहिए । आज भारत विकास कर रहा है इससे देश का ही भला है और देश में सबसे नीचे जीवन यापन करने वालों का भी भला होगा । डॉ0 हर्षवर्धन जी ने महासचिव ब्रह्म प्रकाश द्वारा उठाई गई विभागीय समस्याओं को भी सुलझाने का वादा किया और सचिव महोदय की ओर इंगित करते हुए कहा कि तुरंत ही इन समस्याओं का हल किया जाए।

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एस.सी./एस.टी के हकों के लिए पार्लियामेंट में समय समय पर बात उठाई जाती है और डीओपीटी को भी नियमों को लागू करने के लिए समय–समय पर कहा जाता है, लेकिन इन सब काम को करने के लिए इच्छा शक्ति होनी चाहिए। हमने वाजपेयी सरकार में नागपुर एयरपोर्ट पर बाबा साहेब की प्रतिमा लगवाई क्योंकि बाबा साहेब एक जाति के नहीं थे बाबा साहेब सभी के लिए थे । चाहे वह शिक्षा का स्तर हो चाहे वह न्यायपालिका या नौकरी का स्तर हो, सभी को बराबर का हक दिया है । मगर बाबा साहेब के जन्म दिवस पर तो लोग दलितों के हितों की बात करते हैं लेकिन जब दलितों के लिए सुप्रीम कोर्ट या पार्लियामेंट कोई आदेश करता है तो उसको लागू करने के लिए उस पर समीक्षा समिति बैठाई जाती है और उसको लटकाया जाता है, लेकिन अगर दलितों के बुकसान और बाकी लोगों के फायदे की बात हो तो उसे लागू करने के लिए 24 घंटे के अंतराल में नीचे से ऊपर तक उसे लागू कर दिया जाता है । इस मानसिकता के खिलाफ लड़ने के लिए आप सभी को बाबा साहेब के संदेश एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है, जिससे आपके हितों के लिए न्याय हो। यही डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

श्री यू.पी.सिंह जी, वैज्ञानिक 'ई', पूर्व डिप्टी लेबर कमिशनर श्री हरी किशन संतोशी, श्री महेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक सहायक, श्री अशोक कुमार, वैज्ञानिक सहायक आदि सभी ने भी अपने–अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जज श्री धरमपाल जैनवाल, पूर्व संयुक्त कमिशनर, श्री जगत सिंह टॉक (आई. आर.एस.), पूर्व जनरल मैनेजर वी.एस. एन.एल., श्री एस. पी. सिंह, सेवानिवृत श्री राम चरण टैगोर तथा संस्था के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत, श्री विनोद गौहर, सह सचिव, श्री जय प्रकाश, श्री ललित कुमार, श्री बसु मित्र, श्री पी.के.वर्मा, श्री एम.एस. निमेश, श्री राधेश्याम, श्री सी. बसेरा आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। परिसंघ के पदाधिकारी डॉ. धनंजय, श्री रविन्द्र सिंह, श्री नेत राम ठगेला, श्री भानू पुनिया, श्री सत्य नारायण, श्री दया राम, परमेश्वर राव घंटा, श्री एन.डी.राम, श्री आर.सी. मथुरिया, श्री संजय राज, श्री इन्द्रेश, श्री गणेश येरेकर, श्री सुशील बरखने, श्रीमती मंजू आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग किया ।

–ब्रम्हप्रकाश
राष्ट्रीय सचिव

+ + +

महाबोधी विहार बोध गया मुक्ति आंदोलन

भारत की नागवंशी सिंधु संस्कृति बहुत प्राचीन है। आज से आठ हजार साल पहले भारत में मातृसत्ताक परिवार पद्धति थी। चार हजार साल पहले आर्य ने भारत पर हमला किया, भारतीयों को दुष्टता से हरा दिया और यहां के मूलनिवासियों को गुलाम बना दिया। वेदों के पुरुष सूक्त द्वारा वर्णव्यवस्था निर्माण की गयी और भारतीय समाज में उसी के द्वारा जातीयता निर्माण की गयी। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर कहते हैं कि वर्णव्यवस्था के कारण भारत गुलाम हुआ। भारत की सभी महिलायें, ओबीसी.,एस.सी.,एस.टी को शुद्र कहा गया। उनको ज्ञान का अधिकार नहीं दिया। आर्य लोगों ने यज्ञ के नाम से गाय, बैल, घोड़ा की हत्या की और उसका मांस वे खाते थे, ऐसा बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने कहा है। आर्य के खिलाफ नागवंशी, कुणबी, शंबर राजा, बली राजा आदि ने संघर्ष किया पर आर्यो ने उनकी हत्या की थी।

तथागत गौतम बुद्ध का उदय ई. स. पूर्व 563–483 भारत में हुआ, उन्होंने सबसे पहले आर्यो के खिलाफ जन आंदोलन चलाया। उन्होंने स्वतंत्रता, समता, बंधुता, न्याय इन महान तत्वों का उदघोष किया। सभी महिलाओं और पुरुषों को बुद्ध धर्म में प्रवेश दिया। विज्ञानवाद का प्रचार किया। उन्होंने वर्णव्यवस्था, जाति व्यवस्था, ईश्वर, आत्मा, नर्क, यज्ञ और अंधविश्वास का विरोध किया। उन्होंने प्रज्ञा, शील, करूणा, दया, क्षमा, शील, शांति, अहिंसा, सत्य, प्रेम, मैत्री, स्वतंत्रता, समता, बंधुता, न्याय इन तत्वों का प्रचार किया और जनता से उसे अंगीकार करने का आवाहन किया। इससे संपूर्ण भारत बौद्धमय हो गया। बौद्ध धर्म मानवतावादी तत्वज्ञान है, उसी वजह से संपूर्ण भारत बुध्दमय हो गया। बुद्ध के बाद आर्यो का महत्व कम हुआ था। पूरे भारत में मानवतावाद निर्माण हुआ।

सम्राट अशोक का धम्म प्रचार ई.स. पूर्व 304-ई.स.पूर्व 232:-

कलिंग प्रदेश पर अशोक सम्राट ने हमला किया। उस प्रदेश का राजा खारवेल और उनकी प्रजा को हरा दिया। उस संग्राम में बहुत लोग मारे गये। बहुत जख्मी हो गये, बच्चे अनाथ और महिलायें विधवा बन गयी। जिसका सम्राट अशोक पर गहरा प्रभाव पड़ा। उनको रात और दिन में नींद नहीं आती थी। बाद में भंते निग्रोध जो अशोक सम्राट के भाई का लड़का था, ने बताया की किसी के दिल को हिंसा से नहीं जीता जा सकता उसे प्रेम तथा मैत्री से जीतना चाहिये। उन बातों को सुनकर अशोक सम्राट बुद्ध धम्म की ओर आकृष्ट हुए। भन्ते मोगली पुत्त तिष्य ने अशोक सम्राट को बुद्ध धम्म का ज्ञान, तत्वज्ञान और अहिंसा, प्रेम, मैत्री, प्रज्ञा, शील, करूणा तथा सत्य के बारे में बताया। इन तत्वों के कारणे सम्राट अशोक ने हिंसा बंद कर दी और वे बुद्ध बन गये, सम्राट अशोक ने भन्ते उपगुप्त के साथ में बुध्द के जन्मस्थल लिंबुनी की यात्रा की यहां एक स्तंभ खड़ा किया। सारनाथ में पहला प्रवचन हुआ था। वहां पर एक स्तंभ खड़ा किया। सम्राट अशोक की एक पत्नी बिदीशा से थी यहां सांची में सम्राट अशोक ने जगप्रसिद्ध स्तूप बनवाया। कुशीनगर में बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ। यहॉ पर स्तूप बनाया।

बोध गया में महाबोधी विहार का निर्माण :-

सम्राट अशोक ने बोध गया की यात्रा की, जहां बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ, उस पीपल बोधि वृक्ष का दर्शन किया। वहां पर भव्य विहार निर्माण किया। बोध गया दुनिया का शांति, प्रेम तथा ज्ञान का प्रतीक है। सम्राट अशोक ने 84 हजार शिलालेख तथा विहारों का निर्माण करवाकर प्रजा का कल्याण किया। सम्राट अशोक ने चीन, थाईलैंड, श्रीलंका, ब्रम्हदेश, अफगानिस्तान, सिंध, कश्मीर, ग्रीक आदि देशों में धम्म प्रचार के लिये बौद्ध भिक्षुओं को भेज दिया। उन्होंने अपने पुत्र महेंद्र तथा पुत्री संघमित्रा को धम्मप्रसार के लिये श्रीलंका में भेजा था। अनेक देशों से लोग बोध गया तथा लिंबुनी आदि क्षेत्रों के दर्शन के लिये आते थे। सम्राट अशोक की सबसे छोटी पत्नी तिष्यरक्षिता ने गुस्से में आकर बोधि वृक्ष को जलाया था । सम्राट अशोक ने उस राज्य में पंडितो के हाथ से पूजा कराना बंद किया था, इसलिए पंडितो का महत्व कम हो गया।

सम्राट अशोक का पौत्र बृहद्रथ की हत्या पुष्यमित्र शुंग ने ई.स.पूर्व 185 की थी :-

सम्राट अशोक का पुत्र दशरथ था, दशरथ का पुत्र जल्लोक था, जल्ललोक का पुत्र बृहद्रथ था, उस वक्त पंडितो का महत्व कम हुआ था। उनका कोई धार्मिक महत्व नहीं रहा था। सभी जनता बौद्ध बनी थी। पंडित लोग बौद्ध बने थे, उस समय कुछ पंडितों ने पुष्यमित्रशुंग के नाम के पंडित को आगे किया। षड्यंत्र करके वह बृहद्रथ की सेना में घुस गया और आगे चलकर सेनापति बन गया । सेना का निरीक्षण के वक्त धोखे से पुष्यमित्रशुंग ने बृहद्रथ की भरी दरबार में हत्या करके वैदिक धर्म की पुनरर्स्थापना की। मनुस्मृति लिखकर बहुजन लोगों को ज्ञान बंदी, सैन्य बंदी, रोटी–बेटी बंदी, व्यापार बंदी, सिंधु बंदी, आदि पाबंदी लगा दी और महिलाओं तथा बहुजनों को गुलाम बनाया। बद्ध विहार नष्ट किये, शंकराचार्य कुमारील भट ने बौद्ध धम्म पर हमले किये तथा पंडित राज शांक ने बोधि वृक्ष जलाया उसे बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिक्रांति कहा है। उन्होनें क्रांति और प्रतिक्रांति जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे हैं। ई. स. 1203 तक बौद्ध धम्म नामशेष हुआ। महाबोधि विहार की जगह जंगल निर्माण हुआ। सब तरफ अंधेरा छा गया। पृथ्वीराज चौहान के समय में बहुत सारी बैल गाड़ियों में रेत (बालू) लाकर बौद्ध गया में डाली गयी उस में महाबोधि विहार तथा बोध गया दबाई गयी। उसके बाद बख्तयार खिलखिला ने नालंदा विद्यापीठ को जलाया, बौद्ध भिक्षुओं का कत्ल करके सम्राट अकबर के जमाने में मंहत वहां रहता था। उसको विष्णु का मंदिर का स्वरूप दिया गया। बौद्ध विहार के खंडहर देखना पाप है। ऐसा झूठा प्रचार किया गया और ऐसा बताया गया की बौद्ध विहार खंडहर पर जो भी जाए उस पर पत्थर फेंकना चाहिये। बुद्ध तथा महामाया आदि प्रतिमाओं को खराब किया गया।

अंग्रेजी शासन :-

भारत में अंग्रेज सोलहवीं शताब्दी में आये। व्यापार करते हुए उन्होनें भारत को कब्जे में ले लिया अंग्रेजों ने भारत में कानून व्यवस्था कायम की। उन्होंनें ही भारत में सबसे पहले कानून समता निर्माण किया अंग्रेजों ने ही विश्वविद्यालय, कोर्ट, पुलिस प्रशासन, रेलवे, पोस्ट ऑफिस, पी.डब्लु.डी और अस्पताल शुरू किये गए। इतना ही नही अंग्रेजों ने सम्राट अशोक कालीन खंडहर और बौद्ध स्तूपों की खोज की, 1750 में फॅन्थेलर की सर जेम प्रिंसेस ने सात साल कड़ी मेहनत के बाद सम्राट अशोक के शिलालेख 1838 में पढ़ें। अंग्रेजो ने श्रीलंका जाकर भाषा की पढ़ाई की, तब उन्हें वैभवशाली बौद्ध विरासत और सम्राट अशोक काल के बारे में पता चला। कॅनिगहॅम, सर जॉन मार्शल (सिंधु संस्कृति 1922 की खोज) और रॉबर्ट गिल (अजंता गुफाओं की खोज 1829) की। डॉ. डेविडस ने अंग्रेजी में बौध्द धम्म का ग्रंथ लिखा। इसी वजह से पूरी दुनिया में विशेषकर यूरोपियन लोगों को और भारत के लोगों को बुद्ध तथा सम्राट अशोक का इतिहास का पता चला।

गवर्नर विल्यिम बेर्टिंक 1820:-

गर्वनर बिल्यिम बेर्टिंक भारत के गवर्नर थे। उन्हें बौद्ध धम्म का बहुत आर्कषण था। उन्होनें तिब्बत में जाकर बौद्ध धम्म की पढ़ाई की। उन्होनें सती प्रथा बंद की थी। उन्होंने तिब्बत में बोध गया के बारे में एक ग्रंथ भी पढ़ा । उनके मन में आया कि भारत में जाकर बोध गया का दर्शन करेगें। इसलिये वे बोध गया गये जब वे वहां पहुचे तब उन्हें बड़ा सदमा लगा। बोध गया में कहीं पर भी बोध गया का तथागत बुद्ध का ज्ञान केंद्र और विहार कहीं नजर नहीं आये। उन्हें आश्चर्य लगा की, बोध गया कहां हैं। वहॉ पर हर तरफ रेत फैली हुई थी। क्योंकि राजा पृथ्वीराज चौहन के समय में सैकड़ो बैल गाडियों में रेत (बालू) लाकर डाली गई थी और महाबोधी विहार और बुध्द गया दबा दी गई। उसके बाद में बेंटिंक के आदेश पर पूरी रेत हटा दी गई। और वहॉ पर नीचे महाबोधी विहार के अवशेष नजर आये, अंग्रेजों की इस ओर नजर थी और फिर बाद में दुनिया को महाबोधि विहार और बोध गया का पता चला। वहां पर पाखंडी पंडितो ने झूठा प्रचार किया कि गौतम बुद्ध विष्णु के अवतार हैं। उन्होनें कर्मकांड किया, कब्जा किया।

आनागारीक धम्मपाल का आगमन 1891:-

प्रसिद्ध भंते अनागरीक धम्मपाल का जन्म श्रीलंका में हुआ था। श्रीलंका में चारो ओर बौध्द धम्म फैला हुआ है। वे भारत में बुद्ध की जन्मस्थली और बोध गया, महत्वपूर्ण स्थलों का दर्शन करना चाहते थे। इसलिये वे भारत आये थे। वे बुद्ध गया गये, तो उन्हें भयानक बातें नजर आई। बुद्ध के विपरीत उन्हें विष्णु की पूजा और पंडितो का धार्मिक राज दिखाई दिया। उन्होनें पंडितो को कब्जा हटाने के लिये संघर्ष शुरू किया। उन्होनें महाबोधि सोसायटी की स्थापना की, उन्होनें मासिक पत्रिका शुरू की। अनेक लेख अदालत गये। उन पर जातिवादी लोगो नें हमले किये। 1893 में शिकागो में वही सर्व धर्म परिषद लेकिन अनागारीक धम्मपालजी की कोशिश करने से स्वामी विवेकानंदजी को समय पर अवसर दिया गया। स्वामी जी ने महा बोधी विहार मुक्ति के लिये आंदोलन किया।

1949 का महाबोधी विहार का कानून :-

यह कानून सरकार ने बनाया, जिसमें हिंदू पंडितों को लिया गया। कुछ बौध्द सदस्य लिये गये। हिंदू कलेक्टर को उसका अध्यक्ष बनाया गया। पंडित लोगों ने कर्मकांड शुरू किये। इसलिये बुद्ध का असली संदेश दुनिया तक नहीं जाता। बोध गया में अमेरिका, चीन, जपान, इंग्लैंड, कोरिया, ब्रम्हदेश, श्रीलंका, थाईलैंड, भारत और दुनिया के कई देशों के यात्री दर्शन के लिये आते हैं और बहुत दान करते हैं। ये दान छीनकर वास्तव में पंडितो ने वहॉ कब्जा किया है। उनको यहा से हटना चाहिये और अभ्यासु बौध्द विद्वानों के हाथ में विहार का प्रबंधन देना चाहिये। 1956 में बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर लाखों लोगों को लेकर बौद्ध धर्म अपनाया। महाबोधी विहार का पुराना कानून बदल कर केंद्र तथा राज्य सरकार में नया कानून लाना जरूरी है। वह मानवता के हित में होगा।

– सुरेश ए. घोरपडे
पूर्व न्यायाधिश
मो.नं. 9021414204

+++

ग्रामसभा की बैठक के दौरान उपसरपंच ने की फायरिंग आदिवासी सरपंच कुर्सी पर बैठा तो लात मारकर गिरा दिया

सतना में ग्रामसभा की बैठक में आदिवासी सरपंच का कुर्सी पर बैठना उपसरपंच को इतना बुरा लगा कि उसने सरपंच को कुर्सी समेत लात मारकर गिरा दिया।

आरोप है कि उपसरपंच और उसके साथियों ने कट्टे से फायर किए। इसमें सरपंच समर्थक बद्री प्रसाद पाण्डेय, बलभद्र पाण्डेय, रमेश पाण्डेय तथा धनेंद्र पयासी गोली लगने से घायल हो गए। सीने में गोली धंसने से धनेंद्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे रीवा रेफर किया गया है। ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि भवगती सिंह, दिलीप सिंह तथा आदित्य सिंह कट्टे से फायर कर रहे थे। वारदात के बाद से सभी आरोपी फरार हैं।

जिले के भंवर गांव में चुनाव के बाद मंगलवार को पंचायत की पहली ग्राम सभा थी। रबिया कोल गांव का सरपंच है और उपसरपंच गांव के ठाकुर भगवती सिंह हैं। सभा के दौरान जैसे ही सरपंच रबिया कोल मुख्य कुर्सी पर बैठने के लिए पहुंचा तो उपसरपंच ने आपत्ति जताई और खुद कुर्सी पर बैठने के लिए आगे आ गया। इससे सरपंच के समर्थकों ने विरोध करते हुए जबरन सरपंच को कुर्सी पर बैठा दिया। यह बात भगवती सिंह को नागवर गुजरी । उसने कुर्सी को लात मारकर सरपंच को नीचे गिरा दिया। गांव के ही बद्री प्रसाद पाण्डेय और उनके परिजन भी बीच बचाव करने के लिए पहुंच गए। तभी भगवती ने फायर कर दिया।

– दैनिक जागरण से साभार

माननीय डॉ. उदित राज द्वारा संसद में उठाए गए मुद्दे

अतारांकित प्रश्न (20 अप्रैल, 2015)

डॉ. उदित राज (उत्तर–पश्चिम दिल्ली) :

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या पिछले पंद्रह वर्षो में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पायलटों की कोई नियुक्ति हुई है ?

